## संपादकीय

# भारत पिछड़ा मौका हाथ से गया


चीन ने जो जगह खाली की, उसे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश भरने में कैसे कामयाब हुए और क्यों भारत पिछड़ गया? चुनौती यह सोचने की भी है कि चूंकि वो मौका हाथ से चला गया है, तो अब आगे क्या विकल्प है?

श्रम केंद्रित मैनुफैक्चरिंग सेक्टर्स से चीन के हटने से भारत के सामने बड़ा निर्यातक देश बनने का जो अवसर आया था, वह हाथ से निकल गया है। यह बात विश्व बैंक ने कही है। बैंक ने अपने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में जिक्र किया है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित प्रत्यक्ष या परोक्ष रोजगार पिछले एक दशक के दौरान घटा है। बताया गया है कि वस्त्र, चमड़ा, कपड़ा, रत्न एवं जेवरात आदि जैसे श्रम केंद्रित सेक्टर्स में विश्व व्यापार में भारत का हिस्सा गिरता चला गया है। जबकि बांग्लादेश, वियतनाम और पोलैंड जैसे देशों ने अपना हिस्सा बढ़ा लिया है। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में बताया गया था कि 2017-18 के बाद से उपरोक्त वस्तुओं के भारतीय निर्यात में 12 फीसदी की गिरावट आई है। नतीजतन, इन क्षेत्रों से जुड़े कारखाने या तो बंद हुए हैं या उन्होंने अपना उत्पादन घटाया है। स्वाभाविक है कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या नौकरियां गई हैं।

विश्व बैंक ने इस अंतर्विरोध का उल्लेख किया है कि एक तरफ भारत आज दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, वहीं देश में शहरी युवा बेरोजगारी की दर 17 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर है। बैंक की राय है कि जब तक भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित क्षेत्रों के वैल्यू चेन (मूल्य शृंखला) में आगे नहीं बढ़ता है, उसके लिए बेरोजगारी की समस्या का हल ढूंढना मुश्किल बना रहेगा। गौरतलब है कि बैंक ने जिस अवधि का विस्तार से जिक्र किया है, वो मेक इन इंडिया और आत्म-निर्भर भारत जैसे नारों के शोर से भरी रही है। लेकिन अब उन नारों की हकीकत देश के सामने है। विचारणीय है कि चीन ने जो जगह खाली की, उसे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश भरने में कैसे कामयाब हुए और क्यों भारत इसमें पिछड़ गया? चुनौती यह सोचने की भी है कि चूंकि वो मौका हाथ से चला गया है, तो अब देश के सामने क्या विकल्प है? वर्तमान केंद्र सरकार ऐसे गंभीर मसलों पर किसी राष्ट्रीय बहस की शुरुआत करेगी, इसकी उम्मीद तो नहीं है; लेकिन विपक्ष के पास भी क्या इसकी इच्छाशक्ति एवं बौद्धिक साहस है?

# सेमीकंडक्टर सेक्टर में भारत को मिली बड़ी सफलता, 8400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी विदेशी कंपनी

**मुंबई**



भारत धीरे-धीरे खुद को सेमीकंडक्टर हब के रूप में विकसित करने में जुटा हुआ है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आज सेमीकॉन 2024 समिट का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में हिस्सा लिया और अपनी दिली इच्छा जाहिर करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि दुनिया के हर डिवाइस में भारत में बनी चिप हो। इसी बीच एक बड़ी खबर आ रही है कि एक विदेशी कंपनी भारत में सेमीकंडक्टर सेक्टर में भारी-भरकम निवेश करने का प्लान बना रही है।

**भारत में 8400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी नीदरलैंड्स की ये कंपनी**

जी हां, नीदरलैंड्स की एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स अगले कुछ सालों में भारत में अपनी आरएंडडी गतिविधियों को दोगुना करने के लिए एक अरब डॉलर (8400 करोड़ रुपये) से ज्यादा का निवेश करने की योजना बना रही है। एनएक्सपी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ कर्ट सीवर्स ने बुधवार को सेमीकॉन इंडिया 2024 में कहा कि कंपनी पूरी इंडस्ट्री के साथ जुड़ रही है।

**भारत में 50 साल से काम कर रहा है एनएक्सपी**

कर्ट सीवर्स ने कहा, इस संदर्भ में, एनएक्सपी अगले कुछ सालों में भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास की कोशिशों बढ़ाकर को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो एक अरब डॉलर से ज्यादा है। सीवर्स ने कहा कि एनएक्सपी भारत में करीब 50 साल से मौजूद है। उन्होंने कहा, हमारे पास करीब 3,000 कर्मचारी और इंजीनियर हैं। हमने दुनिया के लिए कुछ सबसे लेटेस्ट सेमीकंडक्टर डिवाइस डिजाइन किए हैं। भारत में, मैं अब जो बदलाव देख रहा हूं, वो ये है कि भविष्य के लिए, हम न सिर्फ भारत में भारत के लिए काम करेंगे बल्कि भारत में दुनिया के लिए भी काम करेंगे।

**रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीजी पावर के साथ की साझेदारी**

उद्घाटन सत्र के दौरान, रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ हिदेतोशी शिबाता ने कहा कि कंपनी ने असेंबली और टेस्टिंग सेमीकंडक्टर प्लांट के लिए सीजी पावर के साथ साझेदारी की है। उन्होंने कहा कि रेनेसस की योजना अगले साल तक भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या दोगुनी करने की है।

**विकसित भारत का आधार होगी सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री**

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर रणधीर ठाकुर ने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री 2047 तक 'विकसित भारत' का आधार होगा। उन्होंने कहा, हम इस यात्रा के हिस्से के रूप में 50,000 नौकरियां पैदा करेंगे, जो अभी शुरुआत है।

# अप्रावा एनर्जी को एनटीपीसी से मिला बड़ा ऑर्डर, राजस्थान में लगेगा 300 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट

**मुंबई**



एकीकृत ऊर्जा समाधान प्रदाता अप्रावा एनर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी से 300 मेगावाट की सौर परियोजना मिली है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह परियोजना राजस्थान में 24 महीने की निर्धारित अवधि में स्थापित की जाएगी। इसे ई-रिवर्स नीलामी प्रणाली के माध्यम से 2.65 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की दर से हासिल किया गया है। बयान के अनुसार, अप्रावा एनर्जी ने अंतरराज्यीय पारेषण तंत्र (आईएसटीएस) से जुड़ी 300 मेगावाट (मेगावाट) सौर ऊर्जा परियोजना के लिए एनटीपीसी लिमिटेड के साथ एक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

**राजस्थान में हैं 3 पवन परियोजनाएं-** यह परियोजना राजस्थान में अप्रावा की उपस्थिति को और मजबूत करती है। जनवरी, 2024 में एनएचपीसी के माध्यम से इसकी पहली 250 मेगावाट की नई सौर परियोजना की घोषणा की गई थी। इन दो सौर परिसंपत्तियों के अलावा, राजस्थान में अप्रावा की पहले से तीन पवन परियोजनाएं भी हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 253.6 मेगावाट है, साथ ही तीन निर्माणाधीन पारेषण परियोजनाएं भी हैं। अप्रावा एनर्जी के प्रबंध निदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने बयान में कहा, हम अपने बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) सेगमेंट में अब तक की सबसे बड़ी सौर परियोजना को शामिल करने पर उत्साहित हैं।

**25 साल के लिए पीपीए-** यह बोली भारत में कहीं भी 1,500 मेगावाट आईएसटीएस से जुड़ी सौर पीवी बिजली परियोजनाएं स्थापित करने के लिए एनटीपीसी द्वारा जारी सौर निविदा का हिस्सा है। एनटीपीसी और अप्रावा एनर्जी के बीच पीपीए, आपूर्ति की निर्धारित तिथि से 25 वर्ष की अवधि के लिए है। समझौते के तहत अप्रावा एनर्जी पीपीए अवधि के लिए परियोजना के निर्माण, स्वामित्व और संचालन के लिए जिम्मेदार होगी।

# विश्व कप ट्रॉफी का मिशेल मार्श ने किया था अपमान

**❐ अब स्कॉटलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पकड़ाया झुनझुना, उड़ा मजाक**

**नईदिल्ली**

हाल में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम स्कॉटलैंड के दौरे पर थी. इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को 3 टी 20 मैच खेलना था. ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को होस्ट कर रही स्कॉटलैंड के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का यह एक बड़ा अवसर था. स्कॉटलैंड ने सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसे तीनो ही मैचो में हार का सामना करना पड़ा.

स्कॉटलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा. पहले टी 20 में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया था. दूसरे टी 20 को ऑस्ट्रेलिया ने 70 रन से जीता था. तीसरे टी 20 में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 6 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीती थी.

सीरीज 3-0 से जीतनेके बाद ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद थी कि उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी लेकिन हुआ ठीक इसका उल्टा. तीसरे टी 20 की समाप्ती के बाद स्कॉटलैंड क्रिकेट की तरफ से ट्रॉफी के रुप में ऑस्ट्रेलिया को एक कटोरी नुमा आकृति का कप दिया गया. इसे लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श काफी मुस्कुरा रहे थे.

# पीएलआई ऑटो स्कीम से देश में पैदा हुए 30,000 से ज्यादा रोजगार के अवसर : केंद्र

**नई दिल्ली**



प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) ऑटो स्कीम की मदद से इस साल मार्च तक देश में 30,000 से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। केंद्रीय भारी उद्योग इंडस्ट्री मंत्री एचडी कुमारस्वामी के मुताबिक, पीएलआई ऑटो स्कीम में 74,850 करोड़ रुपये का निवेश आया है और इसमें से 17,896 करोड़ रुपये का निवेश आ चुका है। राष्ट्रीय राजधानी में हुए सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के एक इवेंट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ऑटोमोबाइल, ऑटो इंडस्ट्री और एडवांस सेल केमिस्ट्री सेक्टर की वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

कुमारस्वामी ने कहा कि मंत्रालय की ओर से घरेलू ऑटोमोबाइल उद्योग को टिकाऊ उन्नत तकनीकों आदि को बढ़ावा देने के लिए 2,938 करोड़ रुपये का समर्थन दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से ईवी सेक्टर के लिए लाई गई पीएलई स्कीम के तहत 74 कंपनियों से आवेदन मिले हैं। इसमें से 50 को मूंजरी दे दी गई है और 24 आवेदन को रिव्यू के लिए रखा गया है।

पीएलआई स्कीम के तहत ऑटो कंपनियां सरकार से वार्षिक सेल्स के आंकड़े पर 13 से 15 प्रतिशत की सब्सिडी ले सकती हैं। इससे कंपनियों को बिक्री बढ़ाने में मदद और नई टेक्नोलॉजी में निवेश के कारण उच्च लागत को भी कम करने में मदद मिल रही है।

सरकार की ओर से ऑटो सेक्टर को बढ़ाने के लिए कई बड़ी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें 18,100 करोड़ रुपये की एंडवास केमेस्ट्री सेल (एसीसी) स्कीम है। 778 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) और वैश्विक ईवी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए लाई गई एसएमईसी पहल है, जिसमें कंपनियों को कम से कम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार दो साल की अवधि में प्रोत्साहन के साथ फेम 3 के लिए 11,500 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इस योजना में इलेक्ट्रिक बसों, तिपहिया और दोपहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन होने की संभावना है।

# बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए घोषित की टीम

**❐ शोरफुल इस्लाम बाहर, जाकिर अली को मौका**

**नईदिल्ली**



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है. बोर्ड ने नजमुल हुसैन शंटो को कप्तान बनाया है. बांग्लादेश ने इसके साथ एक हैरान करने वाला फैसला लिया है. टीम ने जाकिर अली को मौका दिया है. जबकि शोरफुल इस्लाम को बाहर का रास्ता दिखाया है. बांग्लादेश ने शाकिब अल हसन, लिटन दास और मेहदी हसन मिराज को भी टीम में शामिल किया है. भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा. इसके बाद सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर में आयोजित होगा.

बांग्लादेश ने टीम को काफी संतुलित रखा है. उसने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया है. बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार जीत दर्ज की थी. उसने पाकिस्तान को उसी के खबर में हराया था. अब टीम भारत के खिलाफ लडने के लिए तैयार है. वह टीम इंडिया को कड़ी टक्कर दे सकती है.

महमुदुल हसन, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम और मोमिनुल हक को भी मौका मिला है. मुशफिकुर रहीम भी टीम का हिस्सा हैं. बांग्लादेश ने जाकिर अली को टीम में शामिल किया है. उन्हें अभी तक बांग्लादेश के लिए टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिला है. लेकिन जाकिर का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. जाकिर ने 49 फर्स्ट क्लास मैचों में 2862 रन बनाए हैं. इस दौरान 4 शतक और 19 अर्धशतक लगाए हैं. जाकिर का फर्स्ट क्लास की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 172 रन रहा है.

**बांग्लादेश क्रिकेट टीम:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, जेकर अली अनिक

# मेगा ऑक्शन में पंजाब किंग्स के तीन खिलाड़ियों को मिल सकती है मोटी रकम

**नईदिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मेगा के लिए सभी टीमों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है. इस नीलामी से पहले सभी टीमों को अपने रिलीज और रिटेन करने वाली खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी होगी. आईपीएल 2025 में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं. आईपीएल नियमों से लेकर खिलाड़ियों तक कई चीजें बदली जा सकती हैं. इस मेगा ऑक्शन में ज्यादातर टीमों के सभी खिलाड़ियों की बोली लगने वाली है, क्योंकि सभी फ्रेंचाइजी 4 की जगह अब 6 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती हैं. हालांकि अभी तक इसको लेकर कोई अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.

पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 में कई बदलाव के साथ नजर आएगी. इस टीम में 3 ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिनको आईपीएल नीलामी में बड़ी रकम हासिल हो सकती है. चलिए जानते हैं कि ये आखिर खिलाड़ी कौन है?

पंजाब किंग्स सिर्फ एक विदेशी खिलाड़ी को रिटेन कर सकती है वो सैम करन हो सकते हैं. ऐसे में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ऑक्शन का हिस्सा बन सकते हैं. अगर ऐसा होता है तो उन्हें ऑक्शन में मोटी रकम मिल सकती है.

इंग्लैंड के स्टार ओपनर जॉनी बेरिस्टो ने पिछले सीजन पंजाब किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था. आईपीएल 2024 में उनके बल्ले से शतक भी देखने को मिला था, लेकिन पंजाब की टीम उन्हें रिलीज कर सकती है. अगर ऐसा होता है तो आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में उनपर करोड़ों की बोली लग सकती है.

जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा अपनी काबीलियत कई बार साबित कर चुके हैं. अगर आगामी सीजन के लिए पंजाब किंग्स उन्हें रिटेन नहीं करती है तो वह ऑक्शन के लिए उपलब्ध होंगे. ऐसे में आईपीएल ऑक्शन में इस ऑलराउंडर को बड़ी रकम मिल सकती है.

# जूनियर एनटीआर की देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर ने मचाया गर्दा

**❐ एक घंटे में 10 मिलियन व्यूज का आंकड़ा किया पार**




देवरा पार्ट 1 इस साल की सबसे प्रतीक्षित तेलुगू फिल्मों में से एक है. कोरतला शिवा की निर्देशित इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान अहम भूमिकाओं में हैं. मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर 5 भाषाओं में लॉन्च किया. एक्शन से भरपूर ट्रेलर को दर्शकों और फैंस से बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला है. ट्रेलर ने मात्र एक घंटे में 10 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार किया है.

मेकर्स ने हाल ही में देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर के व्यूज के बारे में अपडेट साझा किया है. मेकर्स इंस्टाग्राम के जरिए जानकारी साझा की है कि देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर को 10 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले हैं. मेकर्स ने देवरा का ट्रेलर पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम लॉन्च किया गया है. ट्रेलर का लॉन्च इवेंट मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान, जाह्नवी कपूर समेत फिल्म मेकर्स शामिल हुए.

देवरा के ट्रेलर लॉन्च से जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह फिल्म के बारे में जानकारी साझा करते दिख रहे हैं. जब एक्टर से पूछा गया कि क्या वह किसी एक मुख्य भाग का खुलासा करना चाहेंगे, तो आरआरआर सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने कहा कि वह किसी एक स्टंट या सीक्वेंस का जिक्र नहीं कर सकते, लेकिन उन्होंने वादा किया कि देवरा पार्ट 1 के आखिरी 30-40 मिनट रॉकिंग है.

# रेड 2 की रिलीज डेट का एलान, मेकर्स ने अजय देवगन के साथ बाकी स्टार कास्ट के नाम से उठाया पर्दा




अजय देवगन की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हुआ है. रेड 2 के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया है. रेड के सीक्वल में अजय देवगन एक नए दुश्मन से भिड़ते हुए नजर आएंगे. मेकर्स ने रेड 2 की रिलीज के साथ फिल्म के स्टार कास्ट का भी खुलासा किया है.

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर रेड 2 के बारे में अपडेट साझा किया है. तरण आदर्श के अनुसार, अजय देवगन, रितेश देशमुख, वाणी कपूर स्टारर रेड 2 की रिलीज डेट तय हो गई है. रेड 2, जिसमें अजय देवगन आईआरएस अधिकारी अमेय पटनायक की भूमिका में हैं. यह फिल्म अगले साल 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी.

फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता ने किया है. रितेश देशमुख ने खलनायक की भूमिका निभाई है.

# हिंदी फिल्मों में फिर से अभिनय करना चाहती है कृति शेट्टी, तलाश रहीं बेहतरीन मौका



ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म सुपर 30 की हीरोइन कृति शेट्टी ने बॉलीवुड फिल्मों को लेकर अपना ओपिनियन साझा किया है. एक्ट्रेस का कहना है कि वह और अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह इस भाषा से सहज हैं.

मुंबई में जन्मी और पली-बढ़ी एक्ट्रेस ने 2019 की हिंदी फिल्म में एक अनाम किरदार निभाया था. दो साल बाद, उन्होंने तेलुगू फिल्म उप्पेना के साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा. उसके बाद से उन्होंने तमिल फिल्मों द वॉरियर और कस्टडी में अभिनय किया है. वह फिलहाल अपनी डेब्यू मलयालम फिल्म एआरएम की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, जिसमें टोविनो थॉमस मुख्य भूमिका में हैं.

कृति शेट्टी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह (सुपर 30) कोई भूमिका थी, मैं बस वहां भीड़ में था. मेरा जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ, इसलिए हिंदी मेरे लिए सबसे सहज भाषा है. तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाएं कुछ ऐसी हैं जो मुझे उन फिल्मों में काम करने के दौरान नहीं आती थीं. इसलिए, हिंदी ऑर्गेनिक होगी. परफॉर्मेंस के लिहाज से यह एक मजेदार अनुभव होगा. इसलिए, मैं एक्साइटेड हूं और इसके (हिंदी फिल्मों के) लिए तैयार हूं.

एआरएम एक पेन इंडिया फैंटसी ड्रामा है, जो 12 सितंबर को मलयालम, हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में बड़े पर्दे पर आएगी. मलयालम भाषा की फिल्म में काम करना शेट्टी के लिए एक गर्मजोशी भरा और प्रेरणादायक अनुभव था. कृति ने कहा, मलयालम सिनेमा में, परफॉर्मेंस के मामले में सब कुछ रॉ, ऑथेंटिक और ऑर्गेनिक होना है. मैं थोड़ा नर्वस थी क्योंकि मैं यह पहली बार कर रही थी. मुझे अच्छा मार्गदर्शन मिला. एक चीज जो मैं हमेशा एक एक्टर के रूप में बनना चाहती थी: मैं रॉ, ऑथेंटिक और छोटा होना चाहती थी, लेकिन हर जगह आपको ऐसा करने के लिए जगह मिलती है. इसलिए, यहां (एआरएम) मेरे पास सही जगह थी.

एआरएम का निर्देशन पहली बार फिल्म निर्माता जितिन लाल ने किया है और सुजीत नांबियार ने लिखा है.

## शब्द सामर्थ्य- 176

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 175 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.175 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नये सिरे से सोच सकते हैं। मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें।

**वृष:** आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरुरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी।

**मिथुन:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र सरकारी नौकरी के लिये कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी अच्छी खबर मिल सकती है।

**कर्क:** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरुर ले लें।

**सिंह:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरुरत है।

**कन्या :** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरुर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिल सकता है।

**तुला:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें।

**धनु:** आज आपका दिन बहुत ही बढिया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिये आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा।

**मकर:** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरुरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए।

**कुंभ :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ़ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुडे कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है।

**मीन:** आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ गुजार सकते हैं।